दिनांक 7 सितंबर 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

तृतीय लिंग समुदाय के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

भिलाई नगर/ निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत थर्ड जेंडर समुदाय के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रशिक्षित स्टाफ नर्स द्वारा आधुनिक उपकरणों से जांच की जाएगी। बेहतर चिकित्सकों के द्वारा बीमारियों का इलाज किया जाएगा तथा प्रशिक्षित लैब टेक्नीशियन के द्वारा 41 प्रकार के रक्त जांच के साथ इसका रिपोर्ट भी दिया जाएगा। फार्मासिस्ट द्वारा उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयों का मुफ्त में दी जायेगी। तृतीय समुदाय के लिए नि:शुल्क जांच एवं उपचार तथा दवाइयों की व्यवस्था भिलाई निगम के द्वारा की जा रही है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की मंशा अनुरूप महापौर नीरज पाल मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना का अधिक से अधिक लाभ लोगों को दिलाने विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में विशेष शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है। समय-समय पर पुलिस एवं स्कूली छात्र छात्राओं के भी स्वास्थ्य परीक्षण के लिए निगम शिविर आयोजित करता रहा है। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर भी स्वास्थ्य योजनाओं को लेकर लगातार अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं। इसी तारतम्य में भिलाई निगम तृतीय लिंग समुदाय के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नेहरू नगर जीई रोड स्थित पार्क में समय प्रातः 9:00 से 3:00 तक आयोजित कर रहा है।